R.N.I. No. TELMUL/2016/73158.
HSE No. 1051/2023-2025.

[Price : ₹. 10-00.

RIGHT TO INFORMATION

తెలంగాణ రాజ పత్రము

THE TELANGANA GAZETTE

PART-V EXTRAORDINARY

PUBLISHED BY AUTHORITY

No. 32] HYDERABAD, MONDAY, AUGUST 11, 2025.

STATUTORY NOTIFICATIONS OF THE ELECTION COMMISSION OF INDIA AND OTHER ELECTION NOTIFICATIONS

———x———

NOTIFICATIONS BY GOVERNMENT

OFFICE OF THE CHIEF ELECTORAL OFFICER, TELANGANA

GENERAL ADMINISTRATION DEPARTMENT

(ELECTIONS)

GENERAL ELECTIONS TO TELANGANA STATE LEGISLATIVE ASSEMBLY, 2023 – DISQUALIFICATION ORDER UNDER SECTION 10A OF THE REPRESENTATION OF PEOPLE ACT, 1951 ISSUED VIDE ECI's ORDERS DATED 17-06-2025 IN RESPECT OF SRI K. RAJENDER REDDY, CONTESTED CANDIDATE FROM 73-NARAYANPET ASSEMBLY CONSTITUENCY, NARAYANPET DISTRICT.

[Memo No. 6804/Elecs.A/A1/2024, Office of the Chief Electoral Officer, Telangana General Administration (Elections) Department, Dated: 21st June, 2025.]

The following order of the Election Commission of India, Nirvachan Sadan, Ashoka Road, New Delhi – 110001, Dated: 17th June, 2025, 27 Jyeshtha, 1947 (Saka) is Republished:-

ORDER

No. 76/TEL-LA/33/2023/CEMS-II

WHEREAS, the General Election to Legislative Assembly of Telangana, 2023 for **73-Narayanpet** Assembly Constituency was held in pursuance of the Election Commission of India Notification No. 464/TEL-LA/2023, dated 03rd November, 2023; and

WHEREAS, as per Section 78 of the Representation of the People Act, 1951, every contesting candidate at an election shall, within 30 days from the date of election of the returned candidate, lodge with the District Election Officer an account of his election expenses which shall be a true copy of the account kept by him or by his election agent under Section 77 of the said act; and

WHEREAS, the result of the election for **73-Narayanpet** Assembly Constituency, was declared by the Returning Officer on 03rd December, 2023 and hence the last date for lodging the account of Election Expenses was 02nd January, 2024; and

WHEREAS, as per the report of the **DEO, Narayanpet** dated **04.01.2024** under sub-rule (1) of Rule 89 of the Conduct of Elections Rules, 1961 received through the CEO, Telangana vide his letter no. 11434/Elecs.A/A1/2023-2, dated 23.01.2024 stating that **Sh. K. Rajender Reddy**, a contesting candidate from **73-Narayanpet** Assembly Constituency in General Election to Legislative Assembly of Telangana, 2023 has failed to lodge the account of his election expenses, as required under law; and

WHEREAS, on basis of the said report of the District Election Officer, **Narayanpet** 'a Show-Cause Notice' No. 76/TEL-LA/33/2023/CEMS-II, dated 16th July, 2024 was issued under sub rule (5) of Rule 89 of the Conduct of Elections Rules, 1961 by the Election Commission of India to **Sh. K. Rajender Reddy**, for not lodging of the account of Election Expenses; and

WHEREAS, through the above said 'Show Cause Notice' and under sub rule (6) of Rule 89 of the Conduct of Elections Rules, 1961, **Sh. K. Rajender Reddy** was directed to submit representation in writing to the Commission explaining the reasons for not lodging the account and also to lodge the account of his election expenses with the District Election Officer, **Narayanpet** District within 20 days from the date of receipt of the notice; and

WHEREAS, the DEO, **Narayanpet** in his report no. REV/C6/Elecs/ 4142/2024; dated 31.07.2024 has reported that the said Show Cause Notice was served to **Sh. K. Rajender Reddy** on **30.07.2024**; and

WHEREAS, the District Election Officer, **Narayanpet** in his Supplementary Report no. C6/4142/2023 dated 26.09.2024 and 26.04.2025 received through the CEO, Telangana vide his letters No. 7676/Elections.A/A1/2024-2; dated 21.01.2025 and no. 7676/Elec.A/A1/2024; dated 29.04.2025 on account of the candidate, has reported that **Sh. K. Rajender Reddy** has not submitted any representation or statement of account of election expenses. Further, after receipt of the said notice, **Sh. K. Rajender Reddy** has neither furnished any reason nor explanation to the Election Commission of India for failure to lodge the account of his election expenses as prescribed under law; and

WHEREAS, Section 10A of the Representation of the People Act, 1951 provides that:-

"If the Election Commission is satisfied that a person-

(a) has failed to lodge an account of election expenses within the time and in the manner required by or under this Act; and

(b) has no good reason or justification for the failure.

the Election Commission shall, by order published in the Official Gazette, declare him to be disqualified and any such person shall be disqualified for a period of three years from the date of the order.";

WHEREAS, on basis of the facts and available records, the Commission is satisfied that **Sh. K. Rajender Reddy** has failed to lodge the account of his election expenses and has no good reason or justification for the failure to do so; and

NOW, THEREFORE, in pursuance of Section 10A of the Representation of the People Act, 1951, the Election Commission of India hereby declares **Sh. K. Rajender Reddy**, resident of H.No. 5-20, Ayyavaripalle Village, Ankhilla Post, Koilkonda Mandal, Mahabubnagar District and a contesting candidate in **73 - Narayanpet** Assembly Constituency of General Election to Legislative Assembly of Telangana, 2023, to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of the Parliament or the Legislative Assembly or the Legislative Council of a State or Union Territory for a period of three years from the date of this order.

RAKESH KUMAR,
Secretary.

C SUDHARSAN REDDY,
Chief Electoral Officer &
E.O. Secretary to Government.

भारत निर्वाचन आयोग

निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110001

सं. 76/टीईएल-एलए/33/2023/सीईएमएस-II **दिनांक:** 17 जून, 2025

27 ज्येष्ठ, 1947 (शक)

आदेश

यतः, भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना सं. **464/टीईएल-एलए/2023** दिनांक 03 नवंम्बर, 2023 के अनुसरण में **73-नारायणपेट** विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए तेलंगाना विधान सभा का साधारण निर्वाचन, 2023 आयोजित किया गया था; और

यतः, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 78 के अनुसार, किसी भी निर्वाचन में निर्वाचन लड़ने वाला प्रत्येक अभ्यर्थी, निर्वाचित अभ्यर्थी के निर्वाचन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अपने निर्वाचन व्यय के लेखे जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल करेगा जो उक्त अधिनियम की धारा 77 के अन्तर्गत उसके द्वारा या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखे गए लेखे की एक सत्य प्रति होगी; और

यतः, तेंलगाना के **73-नारायणपेट** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन, 2023 का परिणाम, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा 03 दिसंबर, 2023 को घोषित किया गया था और इस प्रकार निर्वाचन व्यय के लेखे दाखिल करने की अन्तिम तारीख 02 जनवरी, 2024 थी; और

यतः, निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 89 के उप-नियम (1) के अंतर्गत, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, तेंलगाना से उनके दिनांक 23.01.2024 के पत्र सं. 11434/Elecs.A/A1/2023-2 के तहत प्राप्त जिला निर्वाचन अधिकारी, **नारायणपेट** की रिपोर्ट दिनांक **04.01.2024** के अनुसार, **श्री के राजेन्द्र रेड्डी,** जो तेंलगाना के **73-नारायणपेट** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 2023 से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी हैं, विधि के अंतर्गत यथापेक्षित रीति से अपने निर्वाचन व्यय के लेखे दाखिल करने में असफल रहे हैं; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, **नारायणपेट** की उक्त रिपोर्ट के आधार पर, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 89 के उप-नियम (5) के अंतर्गत **श्री के राजेन्द्र रेड्डी** को अपने निर्वाचन व्यय के लेखे प्रस्तुत नहीं करने के लिए कारण बताओ नोटिस सं. 76/टीईएल-एलए/33/2023/सीईएमएस-II, दिनांक 16 जुलाई, 2024 को जारी किया गया था; और

यतः, उपर्युक्त उक्त कारण बताओ नोटिस के जरिए और निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 89 के उप-नियम (6) के अंतर्गत, **श्री के राजेन्द्र रेड्डी** को लेखा दाखिल न किए जाने संबंधी कारणों को स्पष्ट करते हुए आयोग को अपना अभ्यावेदन लिखित रूप में प्रस्तुत करने और नोटिस के प्राप्त होने की तारीख से 20 दिनों के भीतर जिला निर्वाचन अधिकारी, **नारायणपेट** जिला को अपने निर्वाचन व्यय के लेखे प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी **नारायणपेट** ने अपनी रिपोर्ट सं. REV/C6/Elecs/ 4142/2024 दिनांक 31.07.2024 में सूचित किया है कि उक्त कारण बताओ नोटिस **श्री के राजेन्द्र रेड्डी** को दिनांक **30.07.2024** को तामील किया गया था; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, **नारायणपेट** ने अपनी अनुपूरक रिपोर्ट सं. C6/4142/2023 दिनांक 26.09.2024 एवं 26.04.2025 जोकि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, तेंलगाना के पत्र सं. 7676/Elections.A/A1/2024-2 दिनांक 21.01.2025 एवं पत्र सं. 7676/Elec. A/A1/2024-2; दिनांक 29.04.2025 द्वारा प्राप्त हुई है, उसमें सूचित किया है कि **श्री के राजेन्द्र रेड्डी** ने निर्वाचन व्यय के लेखे का कोई विवरण या अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया है। इसके अतिरिक्त, उक्त नोटिस मिलने के उपरांत, **श्री के राजेन्द्र रेड्डी** ने विधि के अंतर्गत यथा-विहित लेखे दाखिल करने में अपनी असफलता के लिए भारत निर्वाचन आयोग को न तो कोई कारण बताया है और न ही कोई स्पष्टीकरण दिया है; और

यतः, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क में यह उपबंधित किया गया है कि:-

"यदि निर्वाचन आयोग का समाधान हो जाता है कि कोई व्यक्ति-

(क) निर्वाचन व्ययों का लेखा उस समय के भीतर और उस रीति में जैसी इस अधिनियम के द्वारा या अधीन अपेक्षित है, दाखिल करने में असफल रहा है; तथा

(ख) उस असफलता के लिए कोई अच्छा कारण या न्यायोचित्य नहीं रखता है,

तो निर्वाचन आयोग शासकीय राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा उसको निरर्हित घोषित करेगा और ऐसा व्यक्ति उस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित होगा।";

यतः, तथ्यों और उपलब्ध रिकार्डों के आधार पर, आयोग का यह समाधान हो गया है कि **श्री के राजेन्द्र रेड्डी** अपने निर्वाचन व्यय के लेखे दाखिल करने में असफल रहे हैं और उनके पास ऐसा करने में असफल रहने के लिए कोई भी उचित कारण अथवा औचित्य नहीं है; और

अतः, अब, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अनुसरण में, भारत निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा घोषणा करता है कि तेंलगाना के **73-नारायणपेट** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए साधारण निर्वाचन, 2023 में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी, **श्री के राजेन्द्र रेड्डी,** निवासी- **म.न. 5-20, अय्यावरिपल्ले गाँव, अंखिला पोस्ट, कोलिकोंडा मंडल, महबूबनगर जिला,** इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए संसद के किसी भी सदन अथवा राज्य अथवा संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा अथवा विधान परिषद का सदस्य चुने जाने अथवा होने के लिए निरर्हित होंगे।

(राकेश कुमार)
सचिव

C SUDHARSAN REDDY,
Chief Electoral Officer &
E.O. Secretary to Government.

Printed and Published by the Commissioner of Printing, Government of Telangana at Government Central Press, Chanchalguda Hyderabad.